इसके अलावा देश के खेल प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही लाएगा। ये विधेय लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी पारित हो गया। – पी.टी. उषा

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक को अपना स्पष्ट समर्थन देते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶ डी गुकेश

मौजूदा विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने अमेरिका के लेवोन अरोनियन से पहले दौर में मिली हार के बाद वापसी करते हुए ठिगोरी ओपेरिन और लिएम ले क्वांग पर जीत दर्ज की और ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सेंट लुई रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के पहले दिन संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर में सफेद मोहरों से खेलते हुए ओपेरिन को शह और मात देने के लिए अपनी रानी की बलि दे दी और आसानी से जीत हासिल की। दिन के आखिरी मुकाबले में लिएम के खिलाफ काले मोहरों से खेल रहे गुकेश को फिर से मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

क्या आप जानते हैं ?... भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इस सीरीज में 754 रन बनाकर सुनील गावस्कर और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ग्राहम गूच जैसे दो महान बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया।

शुभमन गिल ने रचा इतिहास, आईसीसी का अवॉर्ड जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बने

नई दिल्ली, 12 अगस्त। भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को मंगलवार को जुलाई महीने के लिए मेंस क्रिकेट में आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया। गिल ने इंग्लैंड में जुलाई में खेले गए ती टेस्ट मैचों में 94.50 की औसत से 567 रन बनाए। वह चौथी बार प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बने। इससे पहले उन्हें जनवरी 2023, सितंबर 2023 और फरवरी 2025 में आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया था। महिला क्रिकेट में ऐश गार्डनर और हेले मैथ्यूज ने चार-चार बार ये अवॉर्ड जीता है।

गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में 430 रन थे। किसी भी टेस्ट मैच में ये दूसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर था। उस टेस्ट मैच में उनके 269 और 161 रनों की पारी के बदौलत सीरीज 1-1 से बराबर हो गई थी। मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में उन्होंने 103 रनों की उपयोगी पारी खेलकर मैच ड्रॉ कराने और सीरीज को जिंदा रखने में मदद की। गिल के अलावा जुला में प्लेयर ऑफ द मंथ बनने की रेस में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर थे। गिल ने चौथी बार प्लेयर ऑफ द मंथ बनने पर कहा कि, जुला के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने पर बहुत अच्छा लग रहा है। इस बार ये और भी ज्यादा मायने रखता है क्योंकि ये अवॉर्ड मुझे कप्तान के रूप में मेरी पहली टेस्ट सीरीज के प्रदर्शन के लिए मिला है।

गिल ने कहा कि, बर्मिंघम में लगाया गया दोहरा शतक निश्चित रूप से मेरे लिए हमेशा यादगार रहेगा। ये मेरे इंग्लैंड दौरे के सबसे यादगार पलों में से एक होगा इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज कप्तान के रूप में मेरे लिए सीखने का एक अनुभव रही और दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किए। मुझे यकीन है कि दोनों टीमों के खिलाड़ी लंबे तक याद रखेंगे।

राजस्थान रॉयल्स छोड़ने को मजबूर हैं संजू : बद्रीनाथ

नई दिल्ली, 12 अगस्त। चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व बल्लेबाज सुब्रमण्यम बद्रीनाथ ने संजू सैमसन को लेकर चौंकाने वाला दावा किया है। दरअसल, सुब्रमण्यम ने बताया कि, संजू सैमसन राजस्थान रॉयल्स को छोड़ने पर मजबूर क्यों हो रहे हैं? सैमसन को ट्रेड किए जाने की रिपोर्ट्स हैं। इसी कारण से एस बद्रीनाथ ने बताया है कि सैमसन ऐसा क्यों कर रहे हैं? जबकि वह कई साल से टीम के साथ हैं और टीम के कप्तान भी हैं। बद्रीनाथ ने दावा किया है कि रियान पराग की वजह से वह टीम को छोड़ना चाहते हैं और ये सीधे तौर पर कप्तानी से जुड़ा मामला है। पहले ऐसी खबरें आई थीं कि विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन कहीं और जाने की सोच रहे हैं। क्रिकबज के अनुसार, यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी ने ओपनर के तौर पर छाप छोड़ी है। ऐसे में संजू सैमसन को तीसरे नंबर पर खेलना पड़ा जहां खेलने के लिए वे दिलचस्पी नहीं रखते, क्योंकि टीम इंडिया के लिए वे ओपनिंग कर रहे हैं। अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए पूर्व भारतीय क्रिकेटर एस बद्रीनाथ ने सुझाव दिया कि कप्तानी और ओपनिग स्लॉट ही वजह हैं, जो उनके इस टीम को छोड़नी की हो सकती है।

ब्रेविस के तूफानी शतक से दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 53 रन से पीटा

डार्विन, 12 अगस्त। प्लेयर ऑफ द मैच डेवाल्ड ब्रेविस की नाबाद 125 रन की तूफानी शतकीय पारी से दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टी20 में मंगलवार को 53 रन से पीटकर तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। ब्रेविस की मात्र 56 गेंदों में 12 चौकों और आठ छक्कों से सजी नाबाद 125 रन की जबरदस्त पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में सात विकेट पर 218 रन का मजबूत स्कोर बनाया और फिर ऑस्ट्रेलिया को 17.4 ओवर में 165 रन पर समेट दिया। ब्रेविस ने फील्डिंग में भी दो कैच लपके ,जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से वेना मफाका और कार्बिन बॉश ने तीन-तीन विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया की और

से टिम डेविड ने एकतरफा संघर्ष करते हुए चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 24 गेंदों में 50 रन बनाये। कप्तान मिचेल मार्श ने 22 और एलेक्स कैरी ने 26 रन का योगदान दिया। ग्लेन मैक्सवेल ने 16 रन बनाये। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसे ब्रेविस ने अपने तूफानी शतक से इसे पूरी तरह गलत साबित कर दिया। दक्षिण अफ्रीका ने अपने तीन विकेट मात्र 57 रन पर गंवा दिए थे लेकिन ब्रेविस ने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ चौथे विकेट के लिए 126 रन की जबरदस्त साझेदारी कर दक्षिण अफ्रीका को मजबूत स्कोर की तरफ अग्रसर कर दिया। स्टब्स ने 22 गेंदों पर 31 रन में तीन चौके लगाए। सीरीज का निर्णायक मैच 16 अगस्त को केर्न्स में खेला जाएगा।

बेंगलुरु पर मंडराया महिला वर्ल्डकप के मुकाबलों की मेजबानी गंवाने का खतरा

बेंगलुरु, 12 अगस्त। महिला वनडे वर्ल्ड कप के चार मैचों की मेजबानी करने से बेंगलुरु का एम चिन्नास्वामी स्टेडियम वंचित रह सकता है। बीसीसीआई ने पुलिस की अनुमति लेने के लिए 10 अगस्त की समयसीमा निर्धारित की थी लेकिन कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन को अभी तक अनुमति नही मिली है। तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड्स स्टेडियम को वैकल्पिक वेन्यू के तौर पर प्रस्तावित किया जा रहा है। 30 सितंबर को बेंगलुरु में ही टूर्नामेंट का पहला मैच भारत और श्रीलंका के बीच होना था और 3 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड, 26 अक्टूबर को भारत बनाम बांग्लादेश मुकाबला सहित 30 अक्टूबर को दूसरा सेमीफाइनल भी यहीं खेला जाना था। वहीं 2 नवंबर को होने वाला फाइनल भी संभवत: यहीं खेला जाना है।

अभी की स्थिति के अनुसार ग्रीनफील्ड्स स्टेडियम 21 अगस्त से 7 सितंबर के बीच केरल क्रिकेट लीग (केसीएल) के दूसरे संस्करण की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। हालांकि ऐसा माना जा रहा है कि केरल क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) के पास एक वैकल्पिक योजना है जिसके तहत अगर उन्हें वर्ल्ड कप की मेजबानी मिल जाती है तब ऐसी स्थिति में केसीएल के मुकाबलों को किसी अन्य जगह स्थानांतरित किया जा सकता है। आईसीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार टूर्नामेंट से कम से कम एक महीने पहले आयोजकों को आयोजन स्थल सौंपना होता है।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड जॉर्जीना से रचाई सगाई, 9 साल से कर रहे थे एक-दूसरे को डेट

नई दिल्ली, 12 अगस्त। दुनिया के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने आखिरकार अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड रॉर्जिना रॉड्रिगेज के साथ सगाई रचा ली है। जॉर्जिना ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी है। जॉर्जिना ने अपने हाथ और रोनाल्डो के हाथ की तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि हां मैं आपसे प्यार करती हूं। इस जिंदगी और आने वाली हर जिंदगी में।रोनाल्डो और जॉर्जिना पिछले 9 साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इनके रिश्ते की शुरुआत 2016 में एक ब्रॉड स्टोर में हुई थी। 2017 में इन दोनों ने अपने रिलेशनशिप को दुनिया के सामने रखा था। रोनाल्डो और जॉर्जिना के 4 बच्चे भी हैं उनके दो बच्चे एवा मारिया और मातेआ का जन्म साल 2017 में हुआ था। इसके बाद 2022 में जॉर्जिना ने बेला एस्मेराल्डा को जन्म दिया था। इसके अलावा रोनाल्डो का एक बेटा भी है। जिसका नाम क्रिस्टियानो रोनाल्डो जूनियर है, जो 2010 में हुआ था। जॉर्जिना फिलहाल सभी बच्चों की देखभाल कर रही हैं।

दीप्ति शर्मा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंची, स्मृति मंधाना को हुआ नुकसान

नई दिल्ली, 12 अगस्त। भारत की दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी20 की नवीनतम रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। दूसरी तरफ सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना बल्लेबाजों के बीच टॉप से दूसरे स्थान पर खिसक गईं।दीप्ति पाकिस्तान की सादिया इकबाल के साथ 732 रेटिंग अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। सादिया रैंकिंग में पहले स्थान से दूसरे स्थान पर खिसक गई जबकि ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड चार रेटिंग अंको की बढ़त के साथ पहली बार टॉप रैंकिंग की टी20 अंतर्राष्ट्रीय गेंदबाज बनने में सफ रही। सदिया ने आयरलैंड के खिलाफ सीरीज में सिर्फ तीन विकेट लेने के बाद रेटिंग अंक गवां दिए। पाकिस्तान महिला टीम इस सीरीज को 1-2 से हार गई थी। सदरलैंड ने मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ चार विकेट लेने के बाद से सबसे छोटे अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में कोई मैच नहीं खेला है। इससे उनके रेंटिंग अंक में कोई बदलाव नहीं आया है। टी20 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की लिस्ट में दीप्ति 387 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। वह वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर से पीछे हैं। वहीं बल्लेबाजों की लिस्ट में स्मृति मंधाना एक स्थान फिसल कर इंग्लैंड की नैट सिवर-ब्रंट के बाद दूसरे पायदान पर गई हैं।

एशिया कप 2025 से पहले वैभव सूर्यवंशी को बीसीसीआई का बेंगलुरू के लिए बुलावा, टीम इंडिया में होगी एंट्री!

नई दिल्ली, 12 अगस्त। आईपीएल 2025 में अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी से सबको प्रभावित करने वाले वैभव सूर्यवंशी का प्रदर्शन ग्राफ लगातार बढ़ा है। भारत के हालिया अंडर-19 इंग्लैंड दौरे पर सभी फॉर्मेट में अपनी बेहतरीन फॉर्म नजारा पेश किया है। स्वदेश वापसी के बाद उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के साथ एक स्पेशल ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा लिया। इसके बाद अब वैभव बीसीसीआई के बुलावे पर बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट एकादमी पहुंच गए हैं। ऐसे में फैंस के मन में सवाल उठ रहे हैं कि क्या वह एशिया कप के लिए भारतीय स्क्वॉड में शामिल होंगे?

वैभव सूर्यवंशी बीसीसीआई के एक विशेष ट्रेनिंग कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, जिसमें तकनीकी अभ्यास और मैचों के दौरान विशिष्ट परिस्थितियों से निपटने की जानकारी दी जाएगी। वैभव के बचपन के कोच मनीष ओझा ने बताया कि बीसीसीआई पहले से ही इस युवा खिलाड़ी को संन्यास लेने वाले वरिष्ठ क्रिकेटरो की कमी को पूरा करने के लिए तैयार कर रहा है। और ये प्रशिक्षण केवल आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे से कहीं आगे तक के लिए है। उन्होंने बताया कि बीसीसीआई आगे की सोच के साथ काम कर रहा है। सीनियर खिलाड़ी संन्यास ले रहे हैं और उनकी जगह युवाओं के अगले बैच को तैयार होना होगा। वैभव की ये ट्रेनिंग उसी प्रक्रिया का हिस्सा है। हम एक-एक करके युवा खिलाड़ियों को चुनते हैं और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करते हैं। गौरतलब है कि, विराट कोहली और रोहित शर्मा के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास की अटकलें लगाई जा रही हैं।

राज्य स्तरीय सीनियर चैलेंजर ट्रॉफी हेतु टीमें घोषित

जयपुर, 12 अगस्त। राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आगामी 16 अगस्त से आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर चैलेंजर ट्रॉफी 2025 - 26 हेतु आरसीए सीनियर चयनकर्ताओं ने चैलेंजर ट्रॉफी की 8 टीमों के लिए खिलाडियों का चयन किया।

चैलेंजर ट्रॉफी हेतु चयनित खिलाडी

टीम ए – अजयराज सिंह, राम मोहन, अनिरुद्ध सिंह, जुबेर अली, दीपक कदवारा, साहिल दयावान, महेंद्र महला (एमपी), आकाश सिंह (एमपी), हनुमान बेनीवाल (एमपी) रजत बघेल (बल्ला), रोहन राजबार, मोनेन्द्र सिंह, हर्षवर्द्धन सिंह, संदीप सैनी, भगवान सिंह, आदित्य सिंह झाला।

टीम बी – सुमित गोदारा, मोहित भगतानी, शबाज़ खान, अमित गौतम, रितिक शर्मा, धर्मवीर सैनी, इकराम बेग, अशोक शर्मा, चेतन शर्मा, अनूप पटेल, हिमांशु नेहरा, हितेश हिंसा, सचिन काकोड़िया, राजकुमार सैनी, राहुल गर्ग,अनिरुद्ध सिंह।

टीम सी – राम निवास गोल्डा, दिव्या प्रताप सिंह, मनीष दाखा, युवराज सिंह, अनिरुद्ध सिंह चौहान, सोबित मिश्रा, भवन सुथार, अमन सिंह, मोहित जैन, हिमांशु राणा, हेमन्त स्वामी, कमलेश पटेल, राहुल खंडेलवाल, कुणाल सिंह राठौड़, नितेश पुरोहित, विकास कुमार।

टीम डी – सौरभ कुमार यादव, राहुल तोमर, विशाल सैनी, पार्थ यादव, अंशुल गोधवाल, मोहित बोहरा, नीलेश टैंक, दुष्यन्त कांचावा, मोहित गुप्ता, राजेश बिश्नोई, विश्वजीत गीत भाटी, हिमांशु पुजारी, देवांश तिवारी, मिनाफ शेख, रामेश्वर गायरी, हेमन्त चौधरी।

टीम ई – प्रशांत माली, पुनित मिश्रा, करण लांबा, जयन्त तंबी, राजवीर सिंह, दिव्या प्रताप पुरोहित, मनीष कुमार, सल्लाउद्दीन, मनीष गोस्वामी, विशाल गोदारा, मीत अग्रवाल, प्रदुमन पारिख, जय गोयल, आकाश मलिक, दर्शन जैन, हार्दिक मेवाड़ा।

टीम एफ – मनीष कुमार, सचिन शर्मा, कन्हिया लाल राघव, शुभंकर तयगी, औयांश सिंह, अंकुश कुमार

तनवीर, कमलेश नगर कोली, पुष्पेंद्र सिंह, रजत चौधरी, गणपत लाल, राहुल फौजदार, मुकुल चौधरी, नैन मैदा, करन सिंह, मिलो।

टीम जी – शिवा चौहान, भूपेन्द्र कुमार शर्मा, राज शर्मा, दिव्यांश सिंह जायसवाल, अक्षय सिंह, सचिन यादव, दीपक चौधरी, दीपेंद्र, सलमान ख़ान, आशीष इंदौरिया, मो. साद, कार्तिक शर्मा, भावित कुमावत, अरिजीत गुप्ता, शुशील सिंघानिया, आदित्य सिंह।

टीम एच – मिलंद पाटीदार, आयुष अमेरिया, सौरभ कुमार गोदर, यश कोठारी, शुभम पटवाल, विकास जोरार, रोहित बंजोरा, भगवान सिंह, विजय मोहन लाल, धनंजय तिवारी, आर्यन जैन, डेनिश बांस, तनवीर खान, भरत शर्मा, रजत सिंह, श्रवण सिंह चंदेला।

23वीं राजस्थान स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप 2025 (एयर राइफल / पिस्टल व 0.22 राइफल / पिस्टल) का शुभारंभ

जयपुर, 12 अगस्त। राजस्थान राईफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित की जाने वाली 14 दिवसीय प्रतियोगिता दिनांक 12 से 26 अगस्त तक 23वीं राजस्थान स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप, 2025 में 10 मीटर, 25 मीटर एवं 50 मीटर राईफल और पिस्टल शूटिंग इवेन्ट प्रतियोगिताओं का आयोजन ओएसीस शूटिंग रेंज, जगतपुरा, जयपुर पर किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का पर्यवेक्षण नेशनल राईफल एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के समस्त ज्यूरी मेम्बर्स द्वारा किया जावेगा। प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान राईफल एसोसिएशन के पदाधिकारी यज्ञ मित्र सिंह देव (अध्यक्ष), गिरधर प्रताप सिंह (उपाध्यक्ष) एवं शशांक कौरानी (सचिव) के तत्वाधान में होगा। प्रतिवर्ष की भांति राजस्थान राईफल एसोसिएशन द्वारा राजस्थान स्टेट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में हजारों की संख्या में पूरे प्रदेश के खिलाड़ियों द्वारा भाग लिया जावेगा। खिलाड़ियों को इवेन्टस् के आधार पर वर्गीकृत कर परिणाम घोषित किये जायेंगे और प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों को मेडल प्रदान कर अभिवादन किया जावेगा। उक्त प्रतियोगिता में सफल प्रतियोगी ही आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। इस तरह के आयोजनों से खिलाडियों में छिपी प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलेगा, जिससे राज्य के बेहतरीन खिलाड़ी आगे बढ़ेंगे और भविष्य में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर राज्य का नाम रोशन करेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्टार्ट-अप के माध्यम से युवा सशक्तिकरण का प्रशिक्षण आयोजित

जयपुर, 12 अगस्त। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राजस्थान युवा बोर्ड, युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा जीसीईसी और यूनिसेफ राजस्थान कार्यालय के सहयोग से युवा सशक्तिकरण के लिए स्टार्ट-अप विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीरज कुमार पवन, आईएएस (प्रधान सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान) रहे।

विशेष अतिथियों में संजय कुमार निराला, चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट, यूनिसेफ राजस्थान; परेश गुप्ता, जीसीईसी संस्थापक; एवं कैलाश चन्द्र पाहाड़िया, सदस्य सचिव, राजस्थान युवा बोर्ड, धर्मेन्द्र कुमार स्टेट कंसलटेंट चाइल्ड प्रोटेक्शन उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों से आए 16 उत्कृष्ट स्कूल से छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने युवाओं को स्टार्ट-अप की अवधारणा, उद्यिमता के अवसर, व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक कौशल, नवाचार और वित्तीय प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मुख्य अतिथि नीरेज कुमार पवन ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं में असीम ऊर्जा और रचनात्मकता है। स्टार्ट-अप संस्कृति उन्हें न केवल आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी।

यूनिसेफ के संजय कुमार निराला ने बाल संरक्षण एवं सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्टार्ट-अप्स में सामाजिक दायित्व का समावेश भी आवश्यक है। जीसीईसी के संस्थापक प्रवेश गुप्ता ने छात्रों को नवीनतम तकनीकी रुझानों और नवाचार के महत्व से अवगत कराया। राजस्थान युवा बोर्ड के सदस्य सचिव कैलाश चन्द्र पाहाड़िया ने युवाओं को सरकारी योजनाओं और प्रोत्साहन कार्यक्रमों की जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को इंटरएक्टिव सत्रों, समूह चर्चा और केस स्टडीज़ के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजस्थान युवा बोर्ड की टीम ने किया और अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

राज्य स्तरीय सीनियर वीमेन टी-20 प्रतियोगिता, दूसरे दिन जयपुर, उदयपुर, भीलवाड़ा, धौलपुर, टोंक, चित्तौड़गढ़, बाड़मेर, श्रीगंगानगर, बीकानेर, झुंझुनूं, दौसा, अजमेर, जोधपुर, राजसमंद, सीकर व नागौर जीती

आज दूसरे दिन तनूजा, काव्या, चंद्रा की शतकीय पारियां व शानू, धर्मिष्ठा का पंजा

जयपुर, 12 अगस्त। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 की सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान सीनियर महिला टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में जयपुर व उदयपुर जिला केंद्र पर खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर महिला टी 20 प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए मैचों का परिणाम :-

पहले दिन खेल जाने वाले मैच :-

आरसीए अकादमी :- पहला मैच

उदयपुर - जैसलमेर (उदयपुर 10 विकेट से जीती), जैसलमेर पारी 31 आल आउट, उदयपुर की गेंदबाज सोनल 4/2 व हिमाली 4/2 विकेट प्राप्त किये। उदयपुर पारी 32/0, टीम के लिए कषिष नाबाद 14 व रिज़ा नाबाद 9 रन।

दूसरा मैच बाड़मेर - करौली (बाड़मेर 6 विकेट से जीती), करौली पारी 110/7, टीम के लिए सरगम 36 रन, बाड़मेर की गेंदबाज गंगा 29 /2 विकेट, बाड़मेर पारी 111/4, टीम के लिए पार्वती 25, सिमरन 24 रन, करौली की गेंदबाज अपूर्वा 31/3 विकेट।

जयपुरिया ग्राउंड अजमेर - झुंझनू (अजमेर 50 रन से जीती), अजमेर पारी 170/0, टीम के

लिए स्नेहा 92 व श्वेता 63 रन, झुंझनू पारी 120/8, टीम के लिए अंजलि 43 रन, अजमेर की गेंदबाज जिनम 9/4 विकेट।

बीकानेर - सवाईमाधोपुर (बीकनेर 116 रन से जीती) बीकानेर पारी 211/1, टीम के लिए काव्या 109, किलम 69 व पूजा 40 रन, सवाईमाधोपुर पारी 95/6, बीकानेर की गेंदबाज विजय लक्ष्मी, सरिता व नेहा प्रत्येक 1-1 विकेट।

नारायणा ग्राउंड पाली -टोंक (टोंक 9 विकेट से जीती), पाली पारी 69 आल आउट, टीम के लिए उषा 42 रन, टोंक की गेंदबाज अदिति 7/3, संजना 12/3 विकेट, टोंक पारी 70/1, टीम के लिए भावनि 24 व मनीषा शर्मा 24 रन ।

धौलपुर - चूरू (धौलपुर 8 रन से जीती), धौलपुर पारी 95/2, टीम के लिए मनीषा 53 व पूनम 22 रन, चूरू पारी 87 आल आउट, धौलपुर की गेंदबाज पूनम 9 / 3 व मनीषा, प्राची प्रत्येक 2-2 विकेट।

संस्कार ग्राउंड जयपुर - भरतपुर (जयपुर 89 रनो से जीती), जयपुर पारी 174/4, टीम के लिए ज्योति 59, मेघा 27 व शिवानी 23 रन, भरतपुर की गेंदबाज अनिष्का 27 / 2 विकेट, भरतपुर पारी 85/5, टीम के लिए नीतू शर्मा नाबाद 44 रन, जयपुर की गेंदबाज सुमन व अर्चना प्रत्येक 1-1 विकेट।

श्रीगंगानगर - डूंगरपुर (श्रीगंगानगर 24 रनो से जीती) श्रीगंगानगर पारी 73 आल आउट, टीम के लिए रेनू 20 रन, डूंगरपुर की गेंदबाज धर्मिष्ठा 12/5 विकेट। डुंगरपुर पारी 49 आल आउट, श्रीगंगानगर की गेंदबाज रेखा 4/2 व चंद्रकांता 1/2 विकेट।

अनंतम ग्राउंड सीकर - बारां (सीकर 183 रनो से जीती), सीकर पारी 225/3, टीम के लिए अंशु 71, प्रीत 67 व प्रियंका 42 रन, बारां की गेंदबाज मंजू व गुंजन शर्मा प्रत्येक 1 - 1 विकेट। बारां पारी 42 आल आउट, सीकर की गेंदबाज प्रीत, भूमिका व भावना प्रत्येक 2 - 2 विकेट।

नागौर - सिरोही (नागौर 119 रनो से जीती), नागौर पारी 169/4, टीम के लिए सुमिरन 59 रन, सिरोही पारी 50 आल आउट, नागौर की गेंदबाज सुमन, रिंकू व करिश्मा प्रत्येक 2 - 2 विकेट।

सोनी स्टेडियम चित्तौड़गढ़ - अलवर (चित्तौड़गढ़ 7 विकेट से जीती) अलवर पारी 62/5, टीम के लिए वंशिका 25 व निष्ठां 20 रन, चित्तौड़गढ़ की गेंदबाज मनस्वी 17 /2 विकेट, चित्तौड़गढ़ पारी 63/3, टीम के लिए चहक 25 रन।

भीलवाड़ा - बांसवाड़ा (भीलवाड़ा 182 रनो से जीती) भीलवाड़ा पारी 191/5, टीम के लिए चंद्रज्योत्सना 100 व सरिता 41 रन, बांसवाड़ा की गेंदबाज रोज चिस्ती 28/3, बांसवाड़ा पारी 9 आल आउट, भीलवाड़ा की गेंदबाज शानू 2/5 व ज्योति 0/2 विकेट।

ए आर ग्राउंड झुंझनू - जालोर (झुंझनू 75 रन से जीती), झुंझनू पारी-138/5, टीम के लिए नगमा 67 व बबिता 30 रन, जालोर की गेंदबाज कविता 21/2, जालोर पारी 63 आल आउट, झुंझनू की गेंदबाज बबिता 7/3, ज्योति 8/3 व मोनिका 7/2 विकेट।

कोटा - दौसा (दौसा 4 विकेट से जीती) दौसा को 12 रन पेनल्टी के मिले, कोटा पारी 131/2, टीम के लिए आयुषी 57 व प्रतीक्षा 48 रन, दौसा की गेंदबाज तनिका शर्मा 35/1 विकेट, दौसा पारी 142/6, टीम के लिए तनिका शर्मा 44 ,याना 41 व भूमिका नाबाद 31 रन, कोटा की गेंदबाज मदीहा 28/2 विकेट। उदयपुर के शिकार बाड़ी ग्राउंड पर खेल जाने वाले मैच।

जोधपुर - बूंदी (जोधपुर 120 रन से जीती), जोधपुर पारी 156/3, टीम के लिए धृति 89 रन, बूंदी पारी 35 आल आउट, जोधपुर की गेंदबाज मैना, 0/3, एंजेल 6/3 व भूमिका 6/3 विकेट।

राजसमंद - प्रतापगढ़ (राजसमंद 158 रन से जीती) राजसमंद पारी 209/1, टीम के लिए तनूजा वैष्णव 112, नंदिनी 61 रन, प्रतापगढ़ पारी 51 आल आउट, राजसमंद की गेंदबाज अक्षिता 7/4, लवीना 4/3 व यशस्वी 12/2 विकेट।

आरसीए द्वारा आयोजित सीनियर महिला 20 मैच में दौसा ने कोटा को चार विकेट से हराया

जयपुर, 12 अगस्त। जिला क्रिकेट संघ के सचिव ब्रजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि आरसीए द्वारा आयोजित महिला 20 सीनियर प्रतियोगिता में दौसा का दूसरा मुकाबला कोटा से था जिसमें दौसा ने अंतिम ओवर में लक्ष्य का पीछा करते हुए 4 विकेट से जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोटा की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 131 रन 2 विकेट पर बनाए और दौसा की ओर से किफायती गेंदबाजी की गई जिसमें तनिका शर्मा ने 4 ओवर में 35 रन देकर एक विकेट अपने नाम किया लक्ष्य का पीछा करते हुए दौसा की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 130 रन 6 विकेट पर बना लिए दौसा की ओर से खेलते हुए याना वर्मा ने 41 रन 36 बॉल में और तनिका शर्मा ने 44 रन 40 बॉल में और भूमिका चौधरी 31 रन 26 बॉल में एवं एनी खिलाड़ियों की बदौलत 20 ओवर में दौसा के 130 रन ही बने । लेकिन कोटा द्वारा धीमी ओवर गति का जुर्माना कोटा टीम पर लगा उन्होंने दो ओवर धीमी गति के कारण पीछे चल रहे थे जिसका उन पर प्रति ओवर 6 रन का जुर्माना लगा 12 रन की पेनल्टी के कारण दौसा का स्कोर 142 पर 6 माना गया और दौसा ने कोटा पर 4 विकेट से जीत दर्ज की ।इससे पहले दौसा अपना पहला मैच बहुत रोमांचक मुकाबले में 9 रन से झुंझनु से हार गया था ।